हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 जनवरी 2024

04 विकसित भारत संकल्प यात्राः योजनाओं का लाभ दिलाने...



07 करोड़ों हिंदुओं के लिए सौभाग्य की बात, सालों...





विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत भ्याना में शिविर आयोजित

## 'शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ लें व सभी व्यक्ति नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶आगर-मालवा

स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है, इसलिए सभी व्यक्ति अपना नियमित स्वास्थ्य चेकअप करवाएं, जिससे की किसी भी तरह की कोई बीमारी होने पर समय पर पता चलने पर उसका समय रहते समुचित उपचार हो सके। यह उद्गार कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शनिवार को ग्राम पंचायत भ्याना में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कलेक्टर ने कहा कि आजकल देखने में आता है कि कम उम्र से ही लोग डायबिटीज़ एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं, जिसका मुख्य कारण व्यक्ति का अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं होना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य चेकअप नहीं करवाना, आज जनकल्याणकारी शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया है सभी ग्रामीणजन अपना स्वास्थ्य चेकअप जरूर करवाएं। आगे कहा कि जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को शासन की योजना का लाभ दिए जाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जो व्यक्ति किसी कारणवश अभी तक शासन की योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित है वह संबंधित विभाग के स्टॉल पर जाकर अपना आवेदन देकर पंजीयन करवाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य जनहितैषी योजनाएं शासन द्वारा लागू की गई है जिनका सभी को पात्रता अनुसार लाभ लेना चाहिए।

शिविर में विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं में लाभान्वित करने फार्म भरे गए तथा पंजीयन किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से हितग्राहियों ने योजना का लाभ पाकर उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी दी तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





### बडौद जनपद के बिनायगा आगर व सारंगाखेड़ी में शिविर आयोजित



विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत आईईसी वैन ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर एलईडी के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दे रही तथा शिविरों का आयोजन कर हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं। शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत बडौद की ग्राम पंचायत बिनायगा आगर व सारंगाखेड़ी पहुंची, आई.ई.सी. वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर प्रधानमंत्री जी का संदेश, संकल्प-वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्ल लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख- अनुभव साझा किया जा रहा है। यात्रा के दौरान आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टीलाईजर अटल पेंशन योजना के लाभ आवेदन विभागों द्वारा आवेदन प्राप्त किए गए।



## बादाम, घी व गोंद का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶आगर मालवा

**खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच व नमूना संग्रहण कार्रवाई जारी**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य विभाग के दल द्वारा शनिवार को मोनिका जनरल एवं किराना स्टोर्स का निरीक्षण कर शिकायती सूचना एवं खबरों के आधार पर बादाम, घी एवं धावड़ा का गोंद सहित 3 सैंपल जांच के लिए एकत्रित कर सम्पूर्ण जांच हेतु राज्य खाद्य लैब भोपाल भेजे गए। कमियों पूर्ति और सुधार के लिए सुधार नोटिस दिया। मौके पर उपस्थित ग्राहकों से भी बातचीत की एव पूर्व से तैयार पैकेट में से ही नमूने संग्रहित किए। जांच रिपोर्ट एवम विवेचना निष्कर्ष के आधार पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। समय समय पर निर्माण तिथि एवम यूज बाय /बेस्ट बिफोर अवधि की जांच कर अवधि व्यतीत तत्काल हटा कर बेचने योग्य नही केवल वापसी के लिए संग्रहित रखकर ही रखे। घी, वनस्पति तथा कुकिंग मीडियम को उसी के नाम से विक्रय करें। वनस्पति को घी के नाम से बेचना धोखा है। वनस्पति खाद्य तेल के हाइड्रोजनीकरण से बना होता है। जो एक प्रकार की वसा है। खाद्य अखाद्य सामग्री पृथक पृथक संग्रहित करने के निर्देश दिए। गुणवत्ता पूर्ण एवं मानक स्तर की सामग्री का ही संग्रहण विक्रय करें। साफ सफाई अवश्य करें।

## मंत्री करणसिंह पहुंचे मां बगलामुखी के दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नलखेड़ा

मप्र शासन के राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शनिवार को सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। मंत्री वर्मा के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

### खंडेलवार के निवास गए

मंत्री वर्मा दर्शन पूजन उपरांत केदार खंडेलवाल, पत्रकार दिलीप खंडेलवाल के निवास पर पहुंचे। जहां परिवारजनों द्वारा उनका स्वागत किया गया। वे लगभग एक घंटा यहां रुके। उनके साथ उनकी विधानसभा क्षेत्र के उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में थे।



### बिहार के सांसद सुशील कुमार पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर



नलखेड़ा। ओरंगाबाद बिहार से सांसद सुशीलकुमार सिंह शनिवार को नगर में स्थित पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की गई। दर्शन उपरांत सांसद श्री सिंह समीप स्थित आश्रम पहुंचे जहा उनके द्वारा स्वामी सांदीपेंद्रजी से भेट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम पर सांसद श्री सिंह का नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा, पार्षद गोवर्धन वेदिया, विनोद गवली, जगदीश पाटीदार धरोला आदि द्वारा मां बगलामुखी का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया।

दर्शन कर किया हवन-अनुष्ठान

## साध्वी ऋतंभरा पहुंचीं नलखेड़ा मां बगलामुखी के दर्शन किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶नलखेड़ा

राष्ट्रीय संत एवं प्रखर वक्ता साध्वी ऋतंभरा मां बगलामुखी की पावन नगरी नलखेड़ा पहुंचीं। जहां उन्होंने मां बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह में विधि - विधान व मंत्रोचार के साथ माता के दर्शन कर पूजन किया तथा मंदिर आहते में स्थित यज्ञशाला में हवन-अनुष्ठान किया। साध्वी ऋतंभराजी मंदिर के समीप स्थित आश्रम भी पहुंची जहा उनके द्वारा स्वामी सांदीपेंद्रजी से भेंटकर चर्चा की गई। नगर आगमन पर भक्तों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया गया।

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल वृंदावन में वात्सल्य धाम की संस्थापिका राष्ट्रीय संत, साध्वी ऋतंभरा जिनका अयोध्या के भव्य राममंदिर के निर्माण में भी बहुत बड़ा योगदान रहा। शनिवार को नगर में स्थित पांडव कालीन विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंची। साध्वीजी के कई वर्षों के अंतराल के बाद नलखेड़ा आगमन पर नगर के कई भक्तों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया, मंदिर पहुंची साध्वी ऋतंभराजी ने माता रानी की विशेष पूजा - अर्चना विधि - विधान से कर दर्शन किए। साथ ही मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में पंडितों की उपस्थिति में विशेष हवन - अनुष्ठान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके अनुयायी भक्त भी मौजूद रहे। इसके बाद मंदिर के समीप स्थित सांदीपेंद्र आश्रम में साध्वीजी पहुंची। जहां पर गुरुदेव स्वामी सांदीपेंद्रजी महाराज से चर्चा की गई।



### नलखेड़ा नगर से है पुराना नाता

ज्ञात रहे कि साध्वी ऋतंभरा तथा उनके गुरु आध्यात्मिक संत स्वामी परमानंदजी का नलखेड़ा नगर से बहुत पुराना नाता रहा है। नगर के कई भक्तों से उनका सीधा जुड़ाव है। नलखेड़ा का मां बगलामुखी मंदिर देश सहित विदेशों में भी प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है। मंदिर पर जहां कहीं राजनीतिक हस्तियों के साथ उद्योग जगत की हस्तियां, न्यायिक व प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों के साथ धर्म गुरुओं का भी आगमन होता रहता है। जिनके द्वारा अपनी मनोकामना को लेकर माता रानी के दर्शन कर विशेष हवन अनुष्ठान किए जाते हैं। स्मरण रहे की कुछ दिन पूर्व ही देश के प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन जी ठाकुर भी माता मंदिर पहुंचे थे। जहाँ उनके द्वारा भी दर्शन पूजन कर विशेष हवन अनुष्ठान किया गया था।

## 'अधर्मी भी अंतिम समय में नारायण नाम लेने से तर जाता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶कानड़

नगर के समीपस्थ ग्राम शिवगढ़ पहाड़ी पर स्थित देव नारायण मंदिर देवडुंगरी पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा सरस श्रीप्रभु प्रिया जी ने अजामिल का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जिसने जीवन भर पाप किया हो और एक बार भी भगवान का नाम नहीं लिया हो यदि ऐसा व्यक्ति भी मरते समय अंतिम समय भगवान का नाम लेकर मरे तो उसको भगवान का धाम मिलता है वो कभी स्वप्न में भी यमपुरी के दर्शन नहीं करता।

अजामिल ने ब्राह्मण होते हुए भी गलत कर्म किए परन्तु मरते समय अपने बेटे नारायण का नाम लिया तो उसको भगवान का धाम मिला। फिर गजेन्द्र मोक्ष की कथा सुनाई समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए भगवान के मोहिनी अवतार का वर्णन किया। उसके पश्चात प्रभुप्रिया ने संक्षिप्त में श्रीराम कथा का वर्णन किया। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान की श्रीराम की कथा सुनाई एवं श्री कृष्ण कथा का वर्णन करते हुए बड़े ही धूम धाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जब जब धरती पर राक्षसों का आतंक बढ़ता है तब तब भगवान अवतार लेकर आते है मथुरा के राजा कंस के आतंक से पृथ्वी माता व्याकुल हो गई और लोगों ने भगवान से प्रार्थना की तब देवकी मैया के अष्टम गर्भ के रूप में साक्षात भगवान नारायण ही कृष्ण रूप में अवतरित हुए। कथा में जैसे ही भगवान का प्राकट्य हुआ प्रभुप्रिया ने गाया 'नंद घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की' पांडाल में जितने श्रद्धालु बैठे थे सब खुशी से झूम उठे। धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। देवडूंगरी पर गांव वासियों द्वारा आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में भक्त कथा का रसपान करने पहुंच रहे हैं।





## खटीक समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज इंदौर में



हरिभूमि न्यूज ▶▶आगर मालवा

खटीक समाज का परिचय सम्मेलन आगामी आज पंजीकृत संस्था मालवा खटीक पुण्यार्थ सेवा समिति संभाग इंदौर, उज्जैन के तत्वावधान में खटीक समाज के नवयुवक युवतियों का परिचय सम्मेलन रवींद्र नाट्य भवन इंदौर में आयोजित होगा। समिति के महासचिव बृजमोहन चौहान आगर मालवा ने बताया कि परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए लगभग 250 युवक युवतियों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। सम्मेलन में 800 से अधिक समाजजन पहुचेंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए पदाधिकारियों द्वारा लगातार बैठक की जाकर कार्यक्रम को मूर्तरूप दिया गया है।

इस अवसर पर समाज की पुस्तक भी प्रकाशित की जाएगी, जिसमें पंजीकृत युवक युवतियो का परिचय एवं अन्य विस्तृत जानकारी होगी। परिचय सम्मेलन के लिए समाजजनों कि विगत दिवस बैठक का आयोजन कर रुपरेखा तैयार की गई थी। समिति ने समाज के लोगों से इस परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

नीमा ग्राउंड पर चल रही भागवत कथा की पूर्णाहुति पर पं. चतुर्वेदी के उद्गार...

## दुनिया में जिसे कोई नहीं अपनाता उसे प्रभु अपनाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶नलखेड़ा

भगवान की कथा ही भागवत है, इसको सुनने वाले और कराने वालों का सदैव कल्याण होता है। भागवत कथा सबसे पहले राजा परीक्षित ने सुनी और उनका उद्धार हो गया। जो भी भागवत को पूजता है, उस पर भगवान की कृपा हमेशा बनी रहती है। दुनिया में जिसे कोई नहीं अपनाता, उसे प्रभु अपनाते हैं।

उक्त उद्गार भागवत सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय नीमा ग्राउंड पर चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस शुक्रवार को कथावाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने उपस्थित भक्त जनों के समक्ष व्यक्त किए। पंडित चतुर्वेदी ने कहा कि संसार जिसमें विलीन हो जाता है, हम उसे ही प्रणाम करते हैं। दुनिया में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां परमात्मा नहीं हो। हम सभी में राम है, इसीलिए जब हम मिलते हैं तो सामान्य भाव से हाथ जोड़कर दो बार राम-राम का उच्चारण करते हैं।

उन्होंने कहा कि परमात्मा कण-कण में व्याप्त है, प्रभु की बनाई दुनिया में हर तरफ भगवान है, गोविंद तो स्वयं प्रकाश से उसे किसी प्रकाश की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जिसे कोई नहीं अपनाता, उसे प्रभु अपनाते हैं एवं जिसके संपर्क में आने से जीव निर्दोष हो जावे, उसे ब्रम्ह कहते हैं, यही ब्रह्म संबंध का तात्पर्य है। आत्मा हमेशा परमात्मा का वरण करती है क्योंकि आत्मा अजर-अमर है। हम प्रभु से संबंध बनाने के काबिल नहीं है, लेकिन यह प्रभु का अनुग्रह है कि वह हमसे संबंध बनाते हैं। उन्होने कहा कि जीवन में कर्म फल का बडा महत्व है। हम जो भी कार्य करें, वह पूरे सोंच विचार के साथ करें और यह भी देखें की उससे किसी को दुख या नुकसान न हो। हमारे किये कार्य का परिणाम हमें ही भुगतना पडेगा। किसी को आहत न कर राहत ही दें। उन्होने कहा कि प्रभु श्रीराम व श्रीकृष्ण की तरह जीवन को मर्यादित और आदर्शमय बनाएं जिससे एक अच्छे समाज की रचना में मदद मिले।

### पंडित चतुर्वेदी का किया सम्मान

नीमा ग्राउंड पर विगत सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति तथा कथा के विश्राम के अंतिम दिवस बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा भागवत माता की आरती की गई। तत्पश्चात महाप्रसादी का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सुसनेर क्षेत्र के विधायक भेरूसिंह परिहार बापू , देवेंद्र गुप्ता, संजय नीमा, मनोज गुप्ता आदि द्वारा चतुर्वेदी का शाल ओढाक़र सम्मान किया गया। वहीं भागवत सेवा समिति की ओर से भी समिति सदस्यों द्वारा पंडित श्री चतुर्वेदी का पुष्पहारों से स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम उपरांत भागवत मैया तथा कथावाचक पंडित चतुर्वेदी को बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर लाया गया जहां पर समापन कार्यक्रम हुआ।





## खबर संक्षेप

### श्याम नगर में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा



**चापडा।** श्याम नगर में अयोध्या से पुजित अक्षत कलश की शनिवार को शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। पुरे श्यामनगर को भगवामय किया गया। अक्षत कलश की शोभायात्रा श्री मंशापुरण खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। आगे डीजे पर युवा थिरक रहे थे साथ ही जय श्री राम के नारे लग रहे थे। भगवा ध्वज लहरा रहे थे तो उनके ठीक पीछे यदुवंशीय व्यामशाला के सदस्य ढोल थाप पर करतब दिखा रहे थे। उनके ठीक पीछे बड़ी संख्या में महिलाएं अक्षत कलश अपने सिर पर उठाए नाच रही थी और खुशियां मना रही थी। पीछे ट्रेक्टर ट्राली सजाकर उसमें सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों को राम लक्ष्मण सीता और हनुमान बना कर राम दरबार की झांकी सजाई गई। जमकर आतिशबाजी हुई।श्री मंशापुरण हनुमान मंदिर से चलसमारोह श्यामनगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नवदुर्गा मंदिर पर पहुंचा जहां पर संघ जिला कारवाह धर्मेंद्र सेंधव ने राम जन्मभूमि पर सभी को संबोधित किया। चापड़ा के कारसेवक रहे रामनारायण यादव का स्वागत हिन्दू जागरण मंच के गिरधर शुक्ला ने किया। चलसमारोह श्री मंशापुरण हनुमान मंदिर पहुंचा, जहां पर भी राम भक्त बहुत देरी तक नाचते झूमते रहे ।

### 22 जनवरी को बंद रहेगी मांस, मटन की दुकानें

**देवास।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव हेतु देवास नगर की साज सज्जा, नगर में अध्यात्मिक वॉल पेंटिंग और पूरे नगर में मटन चिकन की दुकानें पूर्णतः बंद रखवाने सहित शहर हित के विषयों पर पार्षद दल ने नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा से चर्चा की। चर्चा के दौरान 22 जनवरी को मांस, अंडे, चिकन आदि की दुकानें पूर्ण रूप से बंद करवाने के लिए पार्षद दल ने आयुक्त से चर्चा की। चर्चा अनुसार आयुक्त कसेरा ने संबंधित अधिकारियों को 22 जनवरी को मांस, मटन, चिकन, अंडे की दुकानों को बंद करवाने के लिए आदेश जारी किए।

### जिले की ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में राज्यपाल पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# विकसित भारत संकल्प यात्राः योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरी सरकार आपकी ग्राम पंचायत में आई हैः राज्यपाल





आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए हितलाभ प्रमाण-पत्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल शामिल हुए। राज्यपाल पटेल ने ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में आयोजित शिविर में कहा कि योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सरकार आपके द्वार पहुंचकर लाभान्वित कर रही है। आज पूरी सरकार ग्राम में आकर हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाना पड़ता था।

लेकिन अब संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जहां पक्के मकान बनाये जा रहे हैं, वहीं गरीब व्यक्तियों को निःशुल्क 5 लाख तक का इलाज आयुष्मान भारत निरामय योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसमें हम सभी का योगदान आवश्यक है। पहले योजनाओं के लाभ के लिए घूमना पड़ता था, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण भारत में यात्रा निकाली जा रही है। देवास में 50 प्रतिशत ग्रामों में यात्रा निकाली गई है। देश भविष्य की ओर बढ़ रहा है। आज गंधर्वपुरी ग्राम पंचायत में पूरी सरकार आ गई है। स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक, जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से वंचित रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है।

इसमें आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। महिलाएं अब अपने परिवार की उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्व-सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। राज्यपाल पटेल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई । राज्यपाल पटेल ने गंधर्वपुरी में पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन किया वहां पर प्राचीन मूर्तियों को देखा और संबंधितो से जानकारी ली। पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि विकसित भारत के सपने को हम सबको मिलकर पूरा करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में देवास जिले के हजारों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। इस यात्रा के माध्यम से निचले स्तर से लेकर पंचायत स्तर एवं शहरी क्षेत्र में वार्डो के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुसार योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को निचले स्तर तक प्राप्त हो, इसके लिए संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित हो रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य घर-घर तक योजनाओं को पहुंचना है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। किसान सम्मन निधि, आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर ने कहा कि गौरव की बात है कि गंधर्वपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर आयोजित हुआ है। गंधर्वपुरी की प्राचीन पहचान है, यहां 11वीं 12वीं 13वीं शताब्दी के धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के अवशेष मिलते हैं। सरकार नागरिकों के सपनों को पूर्ण करने का कार्य कर रही है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। आने वाले समय में देश विकासशील नहीं विकसित देश कहलायेगा। आज घर-घर शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

#### दी योजनाओं की जानकारी

ग्राम पंचायत गंदर्धपूरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, कृषि, महिला बाल विकास, आयुष, उद्यानिकी, आधार अपडेशन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल्स लगाये गये और विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ लाभान्वित भी किया गया।

#### शपथ भी दिलाई

राज्यपाल पटेल ने उपस्थित जन-प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक कर्तव्य निभाने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, बागली विधायक मुरली भंवरा, देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, डीएफओ प्रदीप मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम सोनकच्छ संदीप शिवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छात्रवृत्ति पोर्टल 6 माह से बंद अभाविप ने ज्ञापन सौंप जल्द पोर्टल चालू करने की मांग की

**देवास।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत के आव्हान पर शनिवार को अभाविप ने शासकीय कृष्णजीराव पवार महाविद्यालय एवं महारानी पुष्पराजे कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय प्राचार्य को उच्च शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम से ज्ञापन दिया। नगरमंत्री अमन चौहान ने बताया कि विगत 6 माह से छात्रवृत्ति पोर्टल बंद पड़ा है। जिसके कारण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जो विद्यार्थी छात्रवृत्ति संबंधित योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं, जिसके कारण उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संबल पोस्ट मैट्रिक जैसी छात्रवृत्ति योजनाओं के सहारे ही उच्च शिक्षा में विद्यार्थी वर्ग का नामांकन प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ता है। ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लापरवाही दर्शाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मांग करता है कि छात्रहित में निर्णय कर तत्काल प्रभाव से छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल प्रारंभ करें एवं गत वर्ष की लंबित छात्रवृत्ति का लाभ भी अति शीघ्र विद्यार्थियों को प्रदान करें।



## ग्राम पंचायत धिंगरखेड़ा में संकल्प यात्रा का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को ग्राम पंचायत धिंगरखेडा पहुची। इस दौरान सभी ग्रामीणजनों को यात्रा के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के चलते कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल विभाग औऱ शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान सरपंच भागीरथ राठौड़, उपसरपंच बनवारी नायक, रोजगार सहायक तोलाराम राठौड़, जन शिक्षक सीताराम डोरिया, गणेश नायक, छगन सारण, जनपद सदस्य माल सिंह डावर, कैलाश नायक बाबूलाल नायक, किशोर नायक, राकेश नायक, लाल सिंह मोंगिया महेंद्र सिंह नायक आदि उपस्थित रहे। सरपंच भागीरथ राठौर ने विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में पात्रता रखने वाले परिवारों को योजनाओं के बारे में जानकारी देकर कहा गया कि यदि कोई योजना से वंचित रहा है, तो वह पंचायत में अपना आवेदन कर सकता है, जिससे कि उसे योजना का लाभ दिया जा सके।

## शिक्षा के क्षेत्र में बागली विधानसभा को फिर मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




बागली विधानसभा को पूर्व में दो सीएम राइज स्कूल की सौगात मिल चुकी हैं। इसके बाद एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात बागली विधानसभा को मिली रही है। बता दे की पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे के प्रयासो के चलते सीएम राईस स्कूल की सौगात मिली थी, और अब उन्हीं के प्रयास से तीन और नए सीएम राज स्कूल की सौगात मिली हैं।

जिससे शिक्षा के क्षेत्र में काफी फायदा इस क्षेत्र के बच्चों को मिलेगा। बागली विधानसभा की सबसे बड़ी नगर परिषद करनावद में यह सौगात मिली है। प्रदेश सरकार के आदेश में करनावद के शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल को सत्र 2024 - 25 से सीएम राइज स्कूल के रूप में संचालित किया जाएगा। इसी के साथ कांटाफोड़ और लोहारदा को भी सीएम राइज स्कूल की सौगात मिली है। इस क्षेत्र के बच्चों को भी प्राइवेट स्कूल से अच्छी सुविधाओं के साथ शिक्षा मिलेगी।

जहां पर चयन प्रक्रिया से शिक्षकों की नियुक्ति होगी। बेहतर सुविधा और शिक्षा के साथ इस क्षेत्र में बच्चों को अब शिक्षा उपलब्ध होगी। बता दे की पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का प्रयास किया गया था, और उसी का परिणाम है कि आज और सीएम राइज स्कूल की सौगात मिली है। हालांकि बागली के सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही उक्त भवन में स्कूल संचालित होगा।साथ ही बागली के सीएम राइज स्कूल स्कूल में बस सुविधा भी अब शुरू हो चुकी है।

## माता सावित्रीबाई फुले को भारतरत्न प्रदान किया जाना चाहिएः चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



फुले ब्रिगेड एवं माली समाज द्वारा माता सावित्रीबाई फुले की 193वी जन्म जयंती परगौरवशाली और प्रेरक आयोजन रखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सांसद प्रतिनिधि एवं अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने कहा कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सामाजिक शैक्षणिक क्रांति की अग्रदूत क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले कोभारत रत्न की उपाधि से अलंकृत करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनका पूरा जीवन सामाजिक और शैक्षणिक उन्नयन के लिए बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ कर मुख्य धारा में लाने के लिए समर्पित रहा।इस अवसर पर समाजसेवी योगेश अजमेरा, पार्षद मोनू अजमेरा ने कहा कि अखंड भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले एवं उनके पति ज्योतिबा फुले ने छुआछूत, सती प्रथा बाल विवाह आदि कुरीतियों आडंबरो के खिलाफ लड़ाई लड़ीऔर सामाजिक चेतना को जागृत किया। इस अवसर पर पार्षद मोहन मांधन्या, समाजसेवी राजा अजमेरा, मनमोहन धानवे आशीष मंडलोई, सुनील बागवान तिलक राठौर, कमल बागवान सूरज बागवान,बंटी अजमेरा, पप्पू गुर्जर, दिग्विजय सिंह, बबलू भाई, तिलक राठौर कालू भीलवारे,नीरज भाई, अधिवक्ता अमन कुरैशी आदि सर्व समाज के व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील हर्निया ने किया और सूत्रधार दीपक हर्निया थे।

### नगर-निगम देवास ने पहली बार वाटर प्लस के लिए किया था एप्लाई

# स्वच्छता सर्वेक्षण में देवास को मिलेगा वाटर प्लस का सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में वाटर प्लस का सर्टिफिकेट मिलेगा। किसी शहर को 'वाटर प्लस' तभी घोषित किया जा सकता है, जब घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से छोड़े गए सभी अपशिष्ट जल को संतोषजनक स्तर पर उपचारित किया जाता है। लगातार चार वर्षो से नगर निगम देवास ODF++ सर्टिफिकेट प्राप्त करता रहा है।

इस बार पहली बार वाटर+ के लिए अप्लाई किया था। जिसमे पहली बार में ही देवास शहर ने इस महत्चपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त किया है। इसी के साथ देवास नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अधिकतम 1125 अंक भी सुरक्षित कर लिए है। देवास नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में वाटर प्लस का सर्टिफिकेट मिलने पर देवास विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर गीता अग्रवाल, सभापित रवि जैन और कलेक्टर ऋषव गुप्ता, नगर निगम कमिश्नर रजनीश कसेरा ने नगर निगम टीम को बधाई दी है। वाटर प्लस का प्रमाण-पत्र उन शहरों को दिया जाता है, जिन्होंने ओडीएफ डबल प्लस के सभी मानकों को पूर्ण किया हो। साथ ही आवासीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले अवशिष्ठ मल-जल को उपचार के बाद ही पर्यावरण में छोड़ा जाता हो। वाटर प्लस के मापदंड के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी CPHEEO के अनुसार सिवरेज की सफाई में उपयोग होने वाले सभी उपकरण है, जिनका उपयोग कर मशीनीकृत माध्यम से सिवरेज लाइन की सफाई की जा रही है, 16 सामुदायिक एवं 11 सार्वजनिक शौचालय का रखरखाव भी निगम द्वारा किया जा रहा है, यह भी वाटर प्लस का एक अहम हिस्सा है। निगम द्वारा ट्रीटेड वेस्ट-वाटर का पुनः उपयोग भी सुनिश्चित किया जाता हो। इसके अलावा नालों के गंदे पानी ट्रीटमेंट कर शहर के फव्वारों में सप्लाई किया गया और सीवर के पानी को ट्रीट कर फसलों और बगीचों की सिंचाई लायक बनाया गया. इससे पानी की काफी बचत हुई और गंदे पानी का उपयोग भी हो गया।

विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि वाटर प्लस सर्टिफिकेट मिलना हमारे शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। नगर निगम की टीम हमेशा बेहतर काम कर रही है। बेहतर कार्य से हमें यह अवार्ड मिला है। निगम परिषद एवं नगर निगम परिवार एवं शहरवासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। सभापति रवि जैन ने कहा कि पूरे शहर को एवं नगर निगम की टीम को बहुत-बहुत बधाई। निगम ने टीमवर्क में काम किया अथक प्रयास से हमें यह सम्मान प्राप्त हुआ है पूरी नगर निगम टीम को और शहर को बहुत-बहुत बधाई।

## पिपरी में हो रहा श्रीराम नाम का जाप नर्मदा मंदिर पर हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



लगभग 500 वर्षों के अंतराल के बाद रामलाल अयोध्या में विराजित होंगे। इस खुशी में सहभागिता करने के लिए मैया मनकामनेश्वरी नर्मदा मंदिर पिपरी पर प्रतिदिन 1 दिसंबर से श्री राम जय राम जय जय राम की नामावली का उच्चारण करने वालो के साथ ही सभी परिक्रमा करने वाले और अन्न क्षेत्र में सेवा देने वाले प्रतिदिन भोजन कर रहे हैं। अभी तक लगभग 2500 परिक्रमा वासियों से लगातार इस नामावली का जाप करवाया जा चुका है। उन्हें व उनके साथियों पर जहां भी वे जाते हैं, इस मंत्र का जाप प्रतिदिन करने के लिए आवाह्न भी किया जा रहा है। अन्न क्षेत्र समिति के सेवक गिरधर गुप्ता एवं साथियों ने 22 जनवरी तक एक लाख से अधिक बार इस मंत्र का जाप करने का संकल्प परिक्रमावासियों के साथ लिया है। जब इस नामावली का जाप मंदिर परिसर में किया जाता है तो वातावरण बहुत ही आनंदमय हो जाता है। इस कड़ी में गांव के युवा गणेश सेन, अर्जुन माली,नादनासिंह झालोरिया,संतोष चावड़ा, बर्मा भाई , भगवानदास गुर्जन आदि ने समूचे गांव में प्रभात फेरी निकालकर राम नाम का जाप, हनुमान चालीसा का पाठ, भजन करने का निश्चय 22 जनवरी तक किया है।

**खबर संक्षेप**

## महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव में 22 का चयन



आष्टा। शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय आष्टा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने गुरुवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इसमें भारत की अग्रणी कृषि कंपनी बीएचएम एग्रीमार्ट प्रा.लि. कंपनी शामिल हुई। कार्यक्रम में कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर कमल सिंहशिक्षण व विकास प्रबंधक मनीष सक्सेना एचआर भर्ती प्रमुख इंद्रभान सिंह मौजूद थे। प्लेसमेंट ड्राइव के लिए कॉलेज के 100 से ज्यादा छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराए। करीब 35 विद्यार्थी साक्षात्कार के लिए चयनित हुए। जिनमें से 22 को कंपनी द्वारा ऑफर लेटर दिए गए। ट्रेंनिंग प्लेसमेंट अधिकारी स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ डॉ.दीपेश पाठक व सदस्य वैभव सुराणा ने प्लेसमेंट शिविर का प्रबंधन किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ विधार्थी व रोजगार के इच्छुक आष्टा तहसील के शिक्षित युवा उपस्थित थे।

## जमना प्रसाद विश्वकर्मा का निधन, दी श्रद्धांजलि



जावर। जमना प्रसाद विश्वकर्मा बमुलिया रायमल वाले जीवन विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा के पूज्य पिता व ठाकुर लाल विश्वकर्मा, शिवनारायण विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा,कमल प्रसाद विश्वकर्मा के बड़े भाई जमना प्रसाद विश्वकर्मा का स्वर्गवास 4 जनवरी को हो गया। अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधुओ सहित गांव वासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कथावाचक गोविंद जाने ने किया अक्षत वितरण अभियान का शुभारंभ, राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण

# करोड़ों हिंदुओं के लिए सौभाग्य की बात, सालों बाद कई लोगों के त्याग, बलिदान के बाद मंदिर का हुआ निर्माणः गोविंद जाने

आष्टा की बजरंग बस्ती में प्रसिद्ध कथावाचक गोविंद जाने ने अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पहुंचाने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

करोड़ो हिंदुओ की आस्था का प्रतीक राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को होने वाला है। जिसको लेकर पूरे देश में उत्साह और उमंग का माहोल देखा जा रहा है।


जहा अयोध्या में होने वाले राम मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए भव्य तैयारी की जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर देश भर में विश्व हिन्दू परिषद अयोध्या से आए अक्षत कलश और पीले चावल घर-घर पहुंचा कर भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण दे रही है। इसी कड़ी में आष्टा की बजरंग बस्ती में प्रसिद्ध कथावाचक गोविंद जाने ने अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पहुंचाने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान संत गोविंद जाने ने कहा की यह करोड़ो हिंदुओ के लिए सौभाग्य की बात है सेकडों वर्षो बाद कई लोगों के त्याग बलिदान के बाद मंदिर निर्माण हो रहा है और भारत के लोग वास्तविकता में निहाल होने जा रहे है और अयोध्या में लोगो को बुलाने के लिए घर घर अक्षत पीले चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है और दीपक जलाकर दिवाली मनाई जाएग। इस दौरान विहिप के विनोद चौरसिया, राहुल जैन, राजा पारख, मनोज नागर, बंटी मंडलोई, संध्या बजाज, भगवती सोनी, सतीश सोनानिया, पार्षद विशाल चौरसिया, कालू भट्ट, रवि शर्मा, मनोहर बैरागी, तेजसिह राठौड़, देवराज परमार, सुरेश परमार,जुगल पटेल मयूर नागर सहित कई लोग मौजूद रहे।





## मां देवी का रूप होती है उनको कभी भी अपने से अलग मत होने देना





नगर में संत श्री गोविंद जाने की के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् राम कथा के पांचवें दिवस पर कथा में बडी संख्या श्रद्धालु उपस्थित हुए। संत श्री ने कहा कि सो रूपी पत्र को इतना बड़ा कर लो कि आपके जीवन का उत्थान हो जाए। अपनी नियत, अपनी सोच, अपने सत्कर्म को इतना बड़ा बना कि लोगों की भलाई के शब्द हमेशा हमसे निकले समझो आप एक ग्रंथ हो, जो अच्छी पुस्तकों को पढ़ते-पढ़ते स्वयं एक लेखनी बन जाए।

ऐसे गुणी व्यक्ति को विवेकानंद कहा जाता है, अपने बच्चों को संस्कार के निर्माण से बड़ा बना दो घर मकान ज्यादा चाहे छोटा हो लेकिन जिस बच्चे को संस्कार बड़े मिल गए समझो आपके घर का निर्माण सही रूप में हो गया। जिसके अंदर हमेशा अपने इष्ट देव का ध्यान रहता है समझो उसके जीवन की हर जंग वह जीत जाएगा। हमारे संस्कार हमारे बच्चों के कार्य करने की शैली पर हमारी छाप छोड़ देते हैं।

आप जैसा व्यवहार करोगे वैसा व्यवहार और संस्कार आपके बच्चों के अंदर कार्बन कॉपी की तरह पहुंचते हैं। जिस व्यक्ति ने हमेशा प्रार्थना परोपकार सत्कर्म जनहित कार्य के लिए की होगी भगवान एक दिन जरूर उसकी प्रार्थना को सुनते हैं। जो बेटा और बहू अपनी मां से अलग रहकर दूसरे चूल्हे पर खाना पकाते हैं वह सावधान हो जाए। मां देवी का रूप होती है उनको कभी भी अपने से अलग मत होने देना मां-बाप हमारे संसार के सच्चे भगवान होते हैं, जिस व्यक्ति के अंदर शत्रु की खुशहाली देखकर भी खुशी हो जिसके मन में ईर्ष्या नहीं हो वह मन संत के समान होता है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने गुरुदेव का स्वागत किया वहीं सकल हिंदू समाज के द्वारा भी गुरुदेव का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलापीपाल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष धारवा, पूर्व नपा अध्यक्ष डॉ मीना सिंघी, पवन वर्मा, डॉ मनोज नागर, चेतन वर्मा, बंटी मेवाडा, चेतन सिंह ठाकुर, जुगल पटेल, राजा मेवाडा, विजय खण्डेलवाल, पार्षद रवि शर्मा, शोभल सिंह मुलगी, गजराज सिंह पटेल, बापू लाल मालवीय, ज्ञान सिंह मंडलोई, विशाल चौरसिया, बलबहादुर सिंह भगत, तेज सिंह राठौड़ सतीश सोनानीया, अनिल श्रीवास्तव, मनीष डोंगरे, देवराज परमार, नरेंद्र सिंह भाटी धीरप, धीरापसिंह पटेल, जताल सिंह महादेव मंडल की भगवती सोनी संध्या बजाज विनीता माहेश्वरी मंजू राठौर सेल वाला शर्मा, टीना पांचाल, मोना नगर अनीता सेन, संगीता नगर, शीला नामदेव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मावठा के कारण शीतलहर का प्रकोप कोहरे के आगोश में लिपटा रहा नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर सहित क्षेत्र में भी कोहरा देखने को मिल रहा है। गुरुवार 4 जनवरी की सुबह कोहरे के आगोश में नगर डूबा नजर आया। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी देर रात से ही कोहरा छाने लगा था, जो सुबह तक काफी बढ़ गया। सुबह 40 मीटर की दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। करीब 11 बजे के बाद कोहरा कुछ छंटा तो लोगों ने राहत महसूस की। लेकिन नगर से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में मावठा गिरा।विजिबिलिटी लगातार कम होती गई। दिन और रात के तापमान का अंतर भी बढ़ने लगा है। ग्रामीण इलाकों में सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। नगर में दिन में अलाव जलाए गए। सर्द हवाओं ने बच्चों और वृद्धों को कंपकंपा दिया।नगर में इस बार मौसम का अलग ही अंदाज देखने को मिला रहा है।दिसंबर में जहां उम्मीद के मुताबिक ठंड इस बार नहीं पड़ी ,वहीं अब जनवरी में भी शुरुआत से ही मौसम का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। रात में जहां शीतलहर चलने से ठंड का अहसास हो रहा है। गुरुवार की सुबह नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 11 बजे तक घना कोहरा छाया। कोहरा इतना घना था कि कुछ ही दूरी के बाद स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। इससे दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को गति कम कर हेडलाइट चालू करना पड़ी। वहीं करीब 11 बजे बाद कोहरा धीरे-धीरे छंटा। हालांकि इसके बाद भी दिनभर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे की हल्की धुंध छाई रही। वहीं ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते रहे। आने वाले 4 दिन मौसम शुष्क और रात व सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। इन दिनों में अधिकतम तापमान 23 से 24 डिग्री के बीच रहेगा। वहीं न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। कोहरा के कारण हाईवे पर भी वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लग गया। वाहन चालक हेडलाइट जलाकर रेंगते हुए चल रहे थे। घने कोहरे के कारण कर्मचारियों और मजदूरों के साथ आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस मेवाड़ा ने बताया कि इन दिनों मौसम फसलों के अनुकूल है। कोहरा गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद साबित होगा। ये मौसम इन दिनों फसलों के लिए फायदेमंद है। कोहरे से गेहूं की फसल को सबसे अधिक फायदा होगा। फसल के अनुकूल मौसम होता है तो फसल का उत्पादन भी बढ़ता है। जिस तरह का मौसम है वो फसलों को फायदा पहुंचने वाला है। निरंतर कोहरा बढ़ने से तापमान में भी गिरावट होगी। लोगों को शीतलहर से बचने के लिए सलाह दी है। सर्दी बढ़ सकती है। मुख्य रूप से शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के साथ पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को सावधानी रखने की जरूरत है।

# विहीप, बजरंग दल ने मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

हिंदू समाज के द्वारा एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा ग्यापन दिया गया। तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले को और थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय के समक्ष श्यामपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले इमलिया हसन टप्पर हनुमान जी की प्रतिमा अति प्राचीन है। उस मंदिर की जगह पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर वहां पर गंदगी फेलाई जा रही है। उस जगह को तुरत खाली करवा कर हिंदू समाज को सौंपी जाए। इसी के साथ इमलिया टप्पर पर कुछ जमीन को वहां के लोगों द्वारा वक्त बोर्ड के नाम करवा दी गई ह। हिंदू समाज द्वारा जमीन की जांच करवाने हेतु आवेदन भी दिया गया है। हिंदू समाज द्वारा लिखित आवेदन में कहा कि हम 15 दिन का अल्टीमेटम देते हैं। अगर जांच और कार्रवाई नहीं की तो हम इस मामले को लेकर समस्त हिंदू समाज व संगठन द्वारा हम धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

# बस स्टैंड पर दिखने लगी यात्रियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




ड्राइवरों की हड़ताल के चलते बस और ट्रक सहित अन्य वाहन सड़कों पर दिखाई नहीं दे रहे थे ।बीती रात्रि में हड़ताल खत्म हो गई थी इसके बाद आज सुबह से सड़कों पर ट्रक -बस एक बार फिर से दौड़ने लगे हैं। सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए कानून के विरोध में यात्रियों को असुरक्षा के साथ डेढ़ गुना किराया देकर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ा। आलम यह है कि आष्टा से भोपाल की दूरी करीब 80 किलोमीटर है।

मारुति वैन वालों ने किराया 200 रुपए प्रति सवारी लिया, वही हंस ट्रेवल्स की बस वाले ने 450 सौ रुपए इंदौर तक के लिए है। इसके बाद भी उन्हें साधन के लिए घंटों परेशान होना पड़ रहा है। दरअसल केंद्र सरकार के हिट एंड रन को लेकर बनाए गए कानून को लेकर देशभर के पेशेवर ड्राइवर हड़ताल पर थे। वहीं उनकी इस हड़ताल का समर्थन जिले के ड्राइवर भी कर रहे थे। इसी के चलते जिले भर के ड्राइवर ने बस, ट्रक और डंपर के पहिए थाम दिए हैं। ड्राइवर यूनियन के लोग हाइवे पर जगह जगह लट्ठ लेकर यात्री और माल परिवहन कराने वाले वाहनों को रोकने के लिए खड़े थे। साथ ही हाइवे पर धरना भी दिया था।


हिट एंड रन केस में सख्त कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों के साथ बस, ऑटो, टेंपो चालक भी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। बसों के चक्के दो दिन तक जाम रहे। इससे बसों से सफर करने वाले यात्री आने-जाने के लिए परेशान रहे। वहीं ट्रक हड़ताल का असर अब पेट्रोल पंप भी दिखने लगा है। इस कारण दिनभर जहां पेट्रोल पंप पर वाहन चालकों की भीड़ रही। वहीं देर शाम हड़ताल खत्म होने की घोषणा के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बस एसोसिएशन के माजिद भाई का कहना है कि ड्राइवरों ने हड़ताल खत्म कर दी है।

बुधवार से पहले की तरह बसों का संचालन प्रारंभ हो गया। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन कानून लागू करने के मामले में सरकार ने कहा है कि अभी यह लागू नहीं होगा। लेकिन बीती रात्रि में हड़ताल खत्म हो गई और उसके बाद बुधवार से सभी वाहन सड़कों पर दौड़ने लगे। आष्टा बस स्टैंड पर भी यहां से आने और जाने वाली सभी यात्री बस समय से रवाना हुई ।इधर इंदौर भोपाल मार्ग पर चलने वाली अधिकांश बसें आज शुरू हो गई ।यह जरूर है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ बसे ही चली ,क्योंकि सुबह-सुबह ट्रैफिक नहीं था दिन में सभी बसें अपने समय से शुरू हो गई।

### रचनात्मक और आधुनिक प्याज कोल्ड स्टोरेज के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित

# शहर के युवा ने प्याज के लिए आधुनिक कोल्ड स्टोरेज किया डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




कीमत में उतार-चढ़ाव के कारण प्याज की फसल किसानों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। इसके अलावा प्याज के भंडारण पर आने वाली लागत, भंडारण के दौरान प्याज की गुणवत्ता खराब होने का भी किसानों पर असर पड़ता है. विपणन बोर्ड के आधिकारिक प्याज भंडारण गृह में वर्तमान में पचास टन प्याज भंडारण की लागत न्यूनतम तीन लाख रुपये है। किसानों द्वारा एक वैकल्पिक जाल मॉडल का उपयोग किया जाता है, लेकिन इसे विपणन बोर्ड द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त नहीं है। साल भर किए गए प्याज के भंडारण से आमतौर पर लगभग 40 से 50 प्रतिशत का नुकसान होता है। इस दर को कम करने के उद्देश्य से शहर के होनहार प्रतिभावान युवा सौरभ जयसवाल ने प्याज के खराब होने के कारणों का अध्ययन किया। तापमान, आर्द्रता और वेंटिलेशन के तीन महत्वपूर्ण कारकों को नियंत्रित करने के लिए एक बेहतर प्याज भंडारण कक्ष डिजाइन किया।

### आधुनिक कोल्ड स्टोरेज के कई लाभ

न्यू कोल्ड स्टोरेज में 12 महीने के भंडारण में कुल 8 प्रतिशत का नुकसान दर्शाया गया है जो सिर्फ उसके वजन कम होने के कारण ही है तथा खराब होना, सड़ना यह बिल्कुल भी नहीं है तापमान और सापेक्ष आर्द्रता के किसी भी नियंत्रण के बिना पारंपरिक प्याज भंडारण विधि 54 प्रतिशत के नुकसान को दर्शाती है। पुराने कोल्ड स्टोरेज से निकाले जाने के 15 दिनों के भीतर भंडारण के बाद लगभग 27 प्रतिशत अंकुरण दर्ज किया गया। वहीं नव विकसित कोल्ड स्टोरेज में भंडारण से निकालने के एक माह बाद भी अंकुरण नहीं देखा गया। नए विकसित कोल्ड स्टोरेज की संचालन लागत और निर्माण लागत पारंपरिक कोल्ड स्टोरेज की तुलना मे एक तिहाई कम है। 2 टन से कम क्षमता के लिए नए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण संभव है और इसे 2000 टन तक बढ़ाया जा सकता है, जबकि कोल्ड स्टोरेज में यह संभव नहीं है। इसका उपयोग खरीफ और रबी मौसम के दौरान प्याज के उपचार के लिए भी किया जा सकता है। यह संरचना नगण्य अंकुरण वाले खरीफ प्याज के भंडारण के लिए उपयोगी होगी, जो कि खरीफ प्याज के भंडारण के लिए एक बड़ी बाधा है। कम जगह में ज्यादा प्याज का भंडारण किया जा सकता है. दस टन के लिए एक पारंपरिक संरचना के लिए दो सौ वर्ग फुट जगह की आवश्यकता होती है। नई संरचना में एक सौ वर्ग फीट की बंद जगह पर्याप्त है। नए भंडारण संरचना में हर जगह हवा का संचार होता है, प्रत्येक प्याज को समान तापमान मिलता है और हवा हर तरफ से प्रसारित होती है। आमतौर पर पहला प्याज सड़ने के बाद प्याज के पौधे में दूसरे प्याज के खराब होने की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो जाती है। इस नए मॉडल में प्याज के पहले क्षय की अवधि बढ़ाने से भंडारण का समय लंबा हो जाता है। उसी संरचना का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है, जैसे कि केले को पकाना और अन्य अनुप्रयोगों में थोड़े से संशोधन या आवश्यक सुविधा के साथ। मुख्य सीजन (मई-जून) के दौरान विशेष रूप से मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बिहार राज्यों में, जहां तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, बिक्री में परेशानी से बचने के लिए किसान अपने खेत में कम क्षमता वाले नए प्याज कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कर सकते हैं।



### राष्ट्रीय स्तर पर हो चुके है सम्मानित

सौरभ जायसवाल ने अपने B.Tech की पढ़ाई महात्मा फुले कृषी विद्यापीठ राहुरी महाराष्ट्र से की है उसके बाद उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय महाराष्ट्र में भी इस प्रोजेक्ट कि टेस्टिंग कर उसे सक्सेसफुल किया। सौरभ जायसवाल ने अपने एम टेक की पढ़ाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय सिक्किम से पूर्ण की है और उन्होंने अपने एम टेक के रिसर्च प्रोजेक्ट में भी बकव्हीट प्रोसेसिंग (मोटा अनाज) पर एक नई तकनीक विकसित की है जिसके लिए उन्हें पूरे उत्तर पूर्वी राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कार मिला है।

# संत श्री राम भूषण दास त्यागी बने प्रदेश संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सनातन धर्म और राष्ट्रीय हित में कार्य करने वाली संस्था विश्व सनातन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण कुमार शाही द्वारा पूज्य महन्त दीपक दास त्यागी के कृपा पात्र संत श्री राम भूषण दास त्यागी को प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया। संत चार बार वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, फेंसिंग राज्य स्तरीय खिलाड़ी, आध्यात्मिक वक्त एंव व भी है। संत श्री बाल्यकाल से ही सामाजिक क्षेत्र में काम करते आ रहे साथ ही अपने वैचारिक वक्तात्व से समाज में युवाओं को धर्म के पथ पर चलने के लिए प्रेरणा दे रहें हैं। संत श्री ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कहा कि भारत एक बड़ा लोकतांत्रिक देश है किसी भी देश का विकास उस देश के युवाओं पर ही हमेशा से निर्भर करता रहा है। हम यह कह सकते हैं कि युवा ही राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। प्रत्येक राष्ट्र की तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी होती है। जिसकी उपलब्धियों से उस राष्ट्र का और समाज का विकास होता है। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। युवाओं में समाज का वह क्षेत्र शामिल होता है, जो अभी तक विकास को परिलक्षित करता है और एक राष्ट्र के लिए भाग्य का निर्माता होता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में जाएं तो यह पता चलता है कि हमारे राष्ट्र के लिए कई परिवर्तन, विकास, समृद्धि और सम्मान दिलाने में युवाओं की भागीदारी और सक्रियता उच्च कोटि की रही है। समाज में व्याप्त कई समस्याओं पर कार्य करके युवा दूसरों के लिए एक आदर्श बन सकते हैं। युवावस्था जीवन की वह अवधि है, जो शक्ति और क्षमता के साथ आगे बढ़ती है। किसी भी समस्या का समाधान युवा सकारात्मकता से हल करना जानता है। इसी लिए देश के प्रत्येक युवा को आगे आकर राष्ट्रीय निर्माण में कार्य करना चाहिए साथ ही आध्यात्मिक रूप से भी सक्रियता निभाना चाहिए। संत श्री की नियुक्ति के बाद समाज में हर्ष व्याप्त है।

### विकास संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम सालिया की सरपंच रही नदारद

# यह कैसा महिला आरक्षण : सरपंच की जगह सरपंच प्रतिनिधि कर रहे ग्राम पंचायत सालिया का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल





एक तरफ तो केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिला आरक्षण विधायक बिल पारित करके महिलाओं को 50% आरक्षण देने की बात कही गई। वहीं पर कई ग्राम पंचायतों में धरातल पर कुछ अलग ही नजरा देखने को मिल रहा है। जहां सरकार के नियमों को ताक में रखकर अधिकारियों के सामने ही महिला आरक्षण की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

ऐसा ही एक मामला शुजालपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सालिया का सामने आया, जहां विकास संकल्प यात्रा के दौरान महिला सरपंच होने के बावजूद सरपंच रजिया बी इरफान खां मंच से नदारद रहीं और उनके पति इरफान खां द्वारा ही उपस्थित अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। हद तो तब हो गई जब एक आउट सोर्सिंग विद्युत कर्मचारी के पद पर नियुक्त ही ग्राम पंचायत सालिया की बागडोर संभाले हुए थे। जबकि उस समय उक्त कर्मचारी को अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना चाहिए था, लेकिन विकास संकल्प यात्रा में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए नजर आए। परंतु किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। जब इस संबंध में जनपद पंचायत की सीईओ रुषाली पोरस से जानकारी ली गई तो उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि आप मंच की तस्वीरें पहुंचा दीजिए, मैं देखने के बाद बताऊंगीं। इससे यहां साफ जाहिर होता है कि धरातल पर महिलाओं के आरक्षण को कितना महत्व मिल पा रहा है और उन्हें उनके पद का निर्वहन करने का मौका दिया जा रहा है सिर्फ विकास संकल्प यात्रा मे विभागों के द्वारा खानापूर्ति की जा रही है।

लोकसभा में भी सभी पार्टियों द्वारा महिला आरक्षण बिल को पारित करके मंजूरी दी गई। अगर देखा जाए तो इसका पालन धरातल पर कम ही पालन होता हुआ दिखाई दे रहा है। और महिलाओं की जगह पुरुष महिला सरपंचों का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आ रहे हैं। लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस ओर कदम बढ़ाकर कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझा जाता है। जबकि चुनाव के समय लोकसभा विधानसभा से लेकर जिला जनपद और सरपंच पंच तक दोनों ही पार्टियों द्वारा महिला आरक्षण को लेकर दुहाई दी जाती है कि महिलाओं के हितों की रक्षा करने के लिए हमारे द्वारा महिला आरक्षण बिल पारित करके महिलाओं को बराबरी का प्रतिनिधित्व दिया गया है। जब इस संबंध में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रजनीश भमोरिया व पोलायकलां पार्षद मनीष तोमर से पूछा गया तो उन्होंने भी महिलाओं के हितों की बात करते हुए महिल सरपंच की अनुपस्थिति पर कहा कि जनपद पंचायत सीईओ को अवगत करायेंगे।

### भीड़ इकट्ठी करने के लिए स्कूली बच्चों को बैठाया

मध्यप्रदेश सरकार की योजना व नीतियों को आम जनता तक पहुंचने के लिए भाजपा द्वारा विकास संकल्प यात्रा के तहत व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। परंतु कहीं ना कहीं इसका असर ग्राम पंचायत सालिया में देखने को नहीं मिला और ऐसा लगा कि विकास संकल्प यात्रा की सूचना आम ग्रामीणों को नहीं दी गई। जिससे कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की संख्या कम ही दिखाई दी और भीड़ दिखाने के लिए स्कूल बच्चों का सहारा लेना पड़ा। जिससे यह साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं ग्राम पंचायत द्वारा विकास संकल्प यात्रा का ग्राम मे व्यापक तौर पर प्रचार प्रसार भी ग्राम में नहीं किया गया।

### सरकार की जनहितैषी योजनाओं की दी जानकारी

विकास संकल्प यात्रा के दौरान सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उपस्थित अतिथियों ने बताया कि सरकार द्वारा गरीब वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है, जिनका लाभ आम आदमी को मिल पा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार प्रदेश और देश विकास की ओर अक्सर है। उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर व लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान एक हितग्राहि द्वारा कपिलधारा कूप मे फर्जी तरीके से निकली गई राशि की शिकायत भी की गई शिविर में सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इनका कहना है...**

मेरी जानकारी में नहीं है। आप मुझे मंच की तस्वीर पहुंचा दीजिए, इसके बाद देखकर मैं बताती हूं। - **रूषाली पोरस, जनपद पंचायत सीईओ शुजालपुर**

### ठेकेदार ने किया घटिया निर्माण कार्य

## प्रधानमंत्री सड़क को लगी ठंड जगह-जगह उखड़ी डामर की परत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सारंगपुर ब्लाक के धमंदा से कमलसरा तक निर्मित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क हाल ही में बनकर तैयार हुई है। विगत कई सालों से अधूरी पड़ी हुई सड़क का जैसे ही डामर किया। डामर करते ही सड़क जगह जगह उखड़ने लगी। इस सड़क के निर्माण में ठेकेदार की मनमानी खुल कर उजागर हो रही है। शायद एसडीओ और उपयंत्री की अनदेखी का परिणाम अमानक स्तर की सड़क का घटिया निर्माण कार्य हुआ है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें ग्रामीण डामर के रोड को उखड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं जिससे रोड की गुणवत्ता की पोल खुल गई।

इसी खबर की सच्चाई जानने के लिए मीडिया के दल ने भी उक्त सड़क को देखा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की सांठ गांठ से ठेकेदार ने यह घटिया और अमानक स्तर का रोड निर्माण कार्य किया है जो हाथ से ही उखड़ रहा हे तो केसे टिकेगा। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के उपयंत्री का कहना है की उस रोड पर वाहनों का आवागमन कम है जैसे जैसे वाहन चलेंगे। रोड सेट होता जाएगा। जब की मीडिया की टीम ने मौके पर जाकर स्थिति देखी तो उसमे कोड आईला भी नहीं डाला गया था और रोड पर कई जगह डामर की परत उखड़ी हुई दिखाई दी।

**इनका कहना है**

ठंड की बजह से रोड सेट नहीं हुआ है। मौसम गर्म होने पर रोड सेट हो जाएगा। **जगदीश पाटीदार इंजीनियर पीएम सड़क योजना।**

### खोयरी महादेव के बाद अब रामदेव मंदिर पर चोरी की वारदात

**राजगढ़।** स्थानीय खोयरी महादेव मंदिर में बीते दिनों हुई चोरी का अभी खुलासा नहीं हो पाया था कि चोरों ने एक बार फिर से वारदात को अंजाम दे डाला। कालीपीठ रोड पर ढंढ जोड़ स्थित रामदेव मंदिर को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि चोर यहां से दो विद्युत मोटरें चुरा ले गए। इसके साथ ही बटेरी वाली माता मंदिर से भी एक पानी की मोटर चोरी हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। इसके साथ ही चोरी की पतारसी में डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गई। चोरी की घटना की जानकारी लगने पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर समिति के लोगों ने बताया कि दोनों मोटरें ट्यूबवेल में लगी हुई थीं जिन्हें चोरों ने चुराया है। मंदिर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी चेक करने पर उनमें चार संदिग्ध व्यक्ति नजर आए लेकिन उनके चेहरे स्पष्ट नहीं हो पा रहे हैं। उधर, बटेरी वाली माता मंदिर से भी रात्रि में पानी की मोटर चुराई गई है। दोनों मामलों में मंदिर समितियों द्वारा पुलिस को चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने आवेदन दिए गए हैं।


**जिला सहित प्रदेश इन दिनों भीषण शीतलहर की चपेट में**

## भीषण शीतलहर से बचाव के लिए विभाग ने जारी की एडवायजरी



**राजगढ़।** जिला सहित पूरा प्रदेश इन दिनों भीषण शीतलहर की चपेट में है। इसे गंभीरता लेकर एवं शीतलहर से होने वाली क्षति को कम करने के लिए गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। इसके तहत आमजन सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएं, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें, यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

## 23 दिन बाद सौंपा डीईओ का प्रभार शासन के आदेश का खुला उल्लघंन


कार्यालय कलेक्टर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

**ब्यावरा।** जिले के अधिकारी शासन के आदेश के प्रति बिल्कुल सजग नजर नही आ रहे हैं । ताजा मामला जिला शिक्षा अधिकारी को लेकर सामने आया है। जिसमे देवेन्द्र सिंह रघुवंशी को जोइनिंग देने के 23 दिन बाद कार्यभार सौंपा गया है। जबकि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी को शासन के आदेशानुसार 08.10.2003 द्वारा देवेन्द्र सिंह रघुवंशी को जिला शिक्षा अधिकार राजगढ़ के पद पर तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया गया था और उन्होंने 13 दिसंबर 2023 को अपनी उपस्थिति जिले मे दे दी थी लेकिन उन्हे 23 दिन बाद कार्यभार सौंपा गया। राजगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी के पद के लिए देवेंद्र रघुवंशी को उपसचिव वल्लभ भवन के माध्यम से आदेशित किया गया था। उनके द्वारा 23 दिन पूर्व उपस्थिति देने के बावजूद कार्यभार न सौंपना पद के दुरूप्योग की श्रेणी में आता है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल




**सारंगपुर ।** समीप ग्राम मऊ के पास गुरुवार को नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद घायल और मृतक को हाईवे एम्बुलेंस की मदत से सारंगपुर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायल की तबियत बिगड़ने पर कुछ देर बाद शाजापुर रैफर किया गया। साथ ही मृतक का पीएम करवा कर शव परिजनों को सौपा। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर ट्रक गिरफ्त में ले लिया। वही पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार दोपहर को चतरुखेड़ी निवासी दो व्यक्ति कलीम खान तथा सादाब खान अपनी बाइक से मऊ से डीजल लेकर उनके गांव की तरफ आ रहे थे। वहीं सारंगपुर की तरफ से ट्रक क्रमांक आरजे 11 जेबी 0938 पचोर की ओर जा रहा था। चतरुखेड़ी से करीब 2 किलोमीटर आगे पेट्रोल पंप के पास ट्रक चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें सादाब खान की मौत हो गई और कलीम खान गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, मामला दर्ज कर जांच में लिया।

**सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर में हुआ आयोजन**

## राम-दरबार की झांकी के साथ 108 अविराम सुंदरकांड पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर गुरुवार शाम काशीपुरा क्षेत्र के नजरबाग हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए गए। इस दौरान मंदिर में 1008 दीपकों को प्रज्वलित करते हुए आकर्षक रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था द्वारा यहां राम-दरबार की आकर्षक जीवंत झांकी का भी प्रदर्शन किया गया। इस झांकी में भगवान राम-सीता एवं हनुमान, लक्ष्मण को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।

झांकी के साथ ही मंदिर परिसर में 108 अविराम सुंदरकाण्ड पाठ आरंभ हुआ जो रात्रि तक चलता रहा। इन 108 सुंदरकाण्ड पाठियों के अलावा भी अन्य श्रृद्धालु सुंदरकाण्ड पाठ में सम्मिलित हुए। गरिमामय आयोजन को लेकर मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं। रात्रि में सभी श्रृद्धालुओं को प्रसादी भोज करवाया गया।

### हनुमान अष्टमी पर इन मंदिरों में भी हुए आयोजन

सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर के साथ ही संकटमोचन हनुमान मंदिर, खोयरी रोड पर एसी वाले हनुमान मंदिर, इंगले कॉलोनी स्थित आर्षिवाद हनुमान मंदिर, बाईपास रोड स्थित अंजनीलाल मंदिर, कालाखेत हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में भी हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड, यज्ञ-हवनादि कार्यक्रम संपन्न करवाए गए। सभी मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तजन हनुमानजी की पूजा-अर्चना, स्तुति में रमे दिखे।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर से अय्यापुर बालाजी सरकार धाम पहुंची विशाल ध्वज पैदल यात्रा

### लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, ध्वज चढ़ाकर की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



श्री अय्यापुर बालाजी महाराज भक्त मंडल के तत्वावधान में गुरूवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर से अय्यापुर बालाजी सरकार धाम तक पैदल ध्वज यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई।

नगर के ब्लॉक कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष उपेंन्द्र छावरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,अय्यापुर बालाजी भक्त मंडल संस्थापक नीलकमल व्यास, लोकेश गोस्वामी सहित अन्य अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना एवं महा आरती कर विशाल ध्वज डीजे व ढोल ढमाके के साथ पैदल ध्वज एवं शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो एबी रोड बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौराहा नजीबाबाद स्कूल दीनदयाल चैराहा बदलीपुरा हनुमान मंदिर बागकुआं रोड अस्पताल रोड परशुराम चोराहा अकोदिया नाका कृषि उपज मंडी काचीखेडी से होते हुए अय्यापुर बालाजी सरकार धाम पहुंच,। जहां बालाजी सरकार को विशाल ध्वज चढ़ा कर महाआरती की गई। तथा अय्यापुर बालाजी सरकार धाम पर मंदिर समिति द्वारा सभी के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की।

## मोंगिया समाज के जाति प्रमाण पत्रों के लिए सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** अखिल भारतीय आदिम महासंघ के बैनर तले शुक्रवार को मोंगिया समाज के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि मोंगिया समाज को मप्र अनुसूचित जनजाति संशोधन आदेश में अ.जनजाति अधिसूचित किया गया है। लेकिन, इसके बाद भी खिलचीपुर में मोंगिया समाज के लोगों के जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं, जबकि साल 2019 में खिलचीपुर एसडीएम द्वारा 1500 से अधिक लोगों के अनुसूचित जनजाति प्रमाण-पत्र बनाकर दिए गए थे। परन्तु अब वहां से प्रमाण-पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। पूर्व में जारी प्रमाण-पत्रों को भी गलत बताया जा रहा है। एक ही पिता की बड़ी पुत्री को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र दिया गया, जबकि छोटी पुत्री का आवेदन ही निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत करने पर आवेदक से पूछे बिना ही शिकायत को बंद कर दिया जाता है। कलेक्टर से मांग की गई है कि शासन के आदेशों का अवलोकन करते हुए मोंगिया समाज को अनुसूचित जनजाति के प्रमाण-पत्र जारी करवाए जाएं। इस अवसर पर शिवनारायण गुजराती, रामस्वरूप धोलकर, शिवलाल गुजराती, धीरपसिंह गुजराती, बलराम, केलाशप्रसाद पंवार, जयनारायण गुजराती, कन्हैयालाल पंवार, गोविंद मोगिया, गोपाल प्रसाद मोंगिया, अमरसिंह सहित समाज के अन्य उपस्थित थे।

### विकसित भारत यात्रा पहुंची खुजनेर, योजनाओं के शिविर का हुआ आयोजन

# विधायक अमरसिंह बोले - प्रधानमंत्री की जनहितैषी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों को मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर




विकसित भारत संकल्प यात्रा खुजनेर के मांगलिक भवन में पहुंची, जहां शासन की समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के शिविर का आयोजन तथा वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की प्रारम्भ हुआ। अतिथि स्वागत के बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा की वेन से प्रधानमंत्री का उदबोधन सुना गया।

कार्यक्रम में सांसद रोड़मल नागर द्वारा अपने उदबोधन में समस्त कर्मचारियों को पात्रता अनुसार नागरिकों को लाभ दिलाने के लिए अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य से अवगत कराया। उन्होनें कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कों शासन की योजना का लाभ मिले यह आपकी जिम्मेदारी है। कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री बहुत ही सरल और गरीबों के हितेषी है जिन्होंने ऐसी योजनाएं चलाई जिनका लाभ सीधे नागरिकों को मिल रहा है। पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी है कि शतप्रतिशत पात्र हितग्रहियों को लाभ मिले।

### पूर्व जिलाध्यक्ष ने रखी खुजनेर में कॉलेज प्रारंभ करने की बात

पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका नें सांसद और विधायक से खुजनेर में कॉलेज प्रारम्भ करने की बात कही। साथ ही नपाध्यक्ष एवं समस्त परिषद की सराहना की। नपाध्यक्ष कैलाशी बाई , पूर्व नपाध्यक्ष पंकज शर्मा, नपा उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह , मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी गुलाबसिंह बघेल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सुरेन्द्र कुमार मित्तल मंचासीन थे। सांसद रोडमल नागर द्वारा समस्त नागरिकों को विकसित भारत संकल्प दिलाया गया।

### ऑनलाइन शपथ के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम में अंत में क्विज तथा ऑनलाईन शपथ भी कराई गई। इस अवसर पर तहसीलदार आदर्श शर्मा, सीएमओ उमेश शर्मा, सहित समस्त पार्षदगण, नपा कर्मचारी सहित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बैंक, नगर परिषद, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग, खेल विभाग, आईटीआई आदि के द्वारा शिविर लगाए गए।